No. of Printed Pages : 5

एफ.एच.डी.-2

14881

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2010

पाठ्यक्रम-कोड : एफ.एच.डी.-2

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खंड - क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250-300 शब्दों में दीजिए।

1. उच्चरित भाषा के महत्वपूर्ण प्रकार्यों का परिचय दीजिए। **10**

अथवा

भाषा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए।

2. मोहन राकेश की डायरी की भाषा-शैली पर विचार कीजिए। **10**

अथवा

मुक्तिबोध के पत्रों का विश्लेषण कीजिए।

खंड - ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

3. रचना करते समय किसी लेखक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

आख्यानपरक लेखन की विशेषताएँ बताइए।

4. मुद्रित माध्यमों की भाषा पर विचार कीजिए। 5

अथवा

सर्जनात्मक लेखन की विशिष्टता पर प्रकाश डालिए।

5. वैयक्तिक लेखन की विभिन्न विधाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

अथवा

रिपोर्ट (प्रतिवेदन) का आशय स्पष्ट कीजिए।

खंड - ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : 1x5=5

   (i) आत्मकथा और संस्मरण में मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

   (ii) कहानी और उपन्यास में कोई एक अन्तर बताइए।

   (iii) रेडियो और टेलीविजन का प्रमुख अंतर बताइए।

   (iv) यात्रा वृत्तांत की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

   (v) प्रभावी लेखन से आप क्या समझते हैं?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के ***सही*** उत्तर का चुनाव कीजिए : 1x10=10

   (i) सुर, तान, लय, बलाघात आदि :

      (क) बोलचाल की भाषा में पाए जाते हैं।

      (ख) लिखित भाषा में पाए जाते हैं।

      (ग) दोनों में पाए जाते हैं।

      (घ) किसी में नहीं पाए जाते।

   (ii) उच्चरित भाषा :

      (क) समाजीकरण का आधार होती है।

      (ख) लेखन का आधार होती है।

      (ग) दोनों के लिए आवश्यक नहीं होती।

      (घ) दोनों का आधार होती है।

(iii) ऐतिहासिक विकास क्रम में लिखित भाषा का विकास बोलचाल की भाषा के :

(क) पहले हुआ

(ख) बाद हुआ

(ग) साथ-साथ हुआ

(घ) दोनों में कोई सम्बन्ध नहीं है

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सी कथात्मक विधा नहीं है?

(क) जीवनी (ख) उपन्यास

(ग) लघुकथा (घ) कहानी

(v) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता डायरी पर लागू नहीं होती?

(क) अपने अनुभवों के बारे में लिखना

(ख) औपचारिक लेखन

(ग) कल्पना के सहारे लिखना

(घ) आत्मावलोकन करना

(vi) निराला के प्रिय कवि थे :

(क) पद्‌माकर और तुलसीदास

(ख) घनानंद और बिहारी

(ग) भारतेन्दु और जयशंकर प्रसाद

(घ) महादेवी और सुमित्रानंदन पंत

(vii) औपचारिक पत्र किसे नहीं लिखा जाता?

(क) अधिकारी को

(ख) संपादक को

(ग) मंत्री को

(घ) भाई को

(viii) कार्यवृत्त का तात्पर्य है :

(क) बैठक के विभिन्न मुद्दे

(ख) कार्यवाही का मुद्दों के अनुसार विवरण

(ग) बैठक में प्रस्तुत सचिव का प्रतिवेदन

(घ) कार्य सूची का विवरण

(ix) पाठ में संकलित मुक्तिबोध के पत्र किसको सम्बोधित हैं?

(क) अशोक वाजपेयी

(ख) नामवर सिंह

(ग) शिवदान सिंह चौहान

(घ) नेमिचंद्र जैन

(x) सुभद्राकुमारी चौहान का जिक्र किस रचना में है?

(क) यामा (ख) पथ के साथी

(ग) भारत–भारती (घ) अनामिका

———